नोएडा में बनेगा माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

प्रदेश सरकार गौतमबुद्धनगर (नोएडा) में माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर की स्थापना करेगी। यह सेंटर दिल्ली समेत अन्य समीपवर्ती राज्यों में रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं को आवासीय सुविधा के अलावा अन्य प्रकार से भी सहायता देगा।

कौशल विकास विभाग की तरफ से तैयार किए गए इस प्रस्ताव पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। यह सेंटर रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं को वातावरण के अनुकूल खुद को तैयार करने में मदद देगा। सेंटर में युवाओं को

15 दिन सेंटर में आवासीय सुविधा भी युवाओं को मिलेगी

15 दिनों तक आवासीय सुविधा भी मिलेगी। इन 15 दिनों में वे खुद को व्यवस्थित करके अपना नया ठिकाना तलाश सकेंगे। यह सेंटर युवाओं को पीएफ, पहचान पत्र, आधार कार्ड या ई-श्रम कार्ड से जुड़ी समस्याओं का समाधान कराने में भी मदद करेगा। इससे उन्हें नौकरी करने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। एक तरह से यह केंद्र प्रवासी सहायता केंद्र के तौर पर काम करेगा।

विभाग के अनुसार यदि किसी वजह से युवा बीच में ही नौकरी छोड़कर आते हैं तो उन्हें दोबारा रोजगार प्राप्त करने में भी मदद की जाएगी। सेंटर पर काउंसर की तैनाती किए जाने की भी योजना है। विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा पिछले चार वर्षों में 8.98 लाख युवाओं को विभिन्न रोजगारपरक ट्रेड्स में प्रशिक्षण दिया गया है।

इसके साथ ही यह दावा भी किया गया है कि 4.21 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण योजनाओं के तहत प्रशिक्षित कर रोजगार उपलब्ध कराया गया है।